राज्यपाल सचिवालय, बिहार

बिहार लोक भवन, पटना–800022

पत्रांक– BSU(IUT)–58/2026- 2646 /रा॰स॰(I), दिनांक–29/10/2026

अधिसूचना

राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–2237 दिनांक–26.09.2026 एवं इसके संबंध में निर्गत शुद्धि पत्रांक–2305 दिनांक–02.10.2026 द्वारा डॉ. अच्युता नंद सिंह, प्राध्यापक, स्नातकोत्तर(भौतिकी), जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा एवं डॉ. नन्द किशोर प्रसाद, सहायक प्राध्यापक(भौतिकी), पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना का पारस्परिक(Mutual) अंतर विश्वविद्यालय स्थानांतरण किया गया था।

2. उक्त अधिसूचना के आलोक में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के पत्रांक–R/PPU/1831/26 दिनांक–08.10.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि, डॉ. नन्द किशोर प्रसाद, सहायक प्राध्यापक(भौतिकी), ए.एन. कॉलेज, पटना में अनाधिकृत रूप से दिनांक–04.12.2025 से सम्प्रति अनुपस्थित हैं।

3. उक्त प्रतिवेदन के आलोक में शिक्षको की समानुपातिक उपलबध्ता के मद्देनजर सक्षम प्राधिकार द्वारा समीक्षोपरान्त इस सचिवालय की अधिसूचना संख्या–2237 दिनांक–26.09.2026 एवं इसके संबंध में निर्गत शुद्धि पत्रांक–2305 दिनांक–02.10.2026 को रद्द किया जाता है तथा आदेश दिया जाता है कि डॉ. अच्युता नंद सिंह, प्राध्यापक, स्नातकोत्तर(भौतिकी), जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा में यथावत बने रहेंगे।

बिहार राज्यपाल–सह–कुलाधिपति के आदेश से

29/10/26

(संजय कुमार)
राज्यपाल के अपर सचिव

ज्ञापांक– BSU(IUT)–58/2026- 2646 /रा॰स॰(I), दिनांक– 29/10/2026

प्रतिलिपिः–कुलपति, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना/ जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/ डॉ. अच्युता नंद सिंह प्राध्यापक, स्नातकोत्तर(भौतिकी), जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

29/10/26

राज्यपाल के अपर सचिव

ज्ञापांक–BSU(IUT)–58/2026- 2646 /रा॰स॰(I), दिनांक– 29/10/2026

प्रतिलिपिः–माननीय राज्यपाल के विशेष कार्य पदाधिकारी/ माननीय राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित/ संयुक्त निदेशक, NIC को बिहार लोक भवन के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित / संबंधित पदाधिकारी, विश्वविद्यालय शाखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/10/26

राज्यपाल के अपर सचिव